सिटी बाइट्स

सोनारी में तेलुगु समाज ने मनाया 'श्रावण संदड़ी'

जमशेदपुर. सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में तेलुगु समाज की महिलाओं ने श्रावण संदड़ी (सावन उत्सव) मनाया. इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पहुंचीं. कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया. उत्सव की मुख्य प्रतियोगिता संस्कृत में 'ललिता सहस्रनाम' के 180 श्लोकों का पाठ करना था. इसमें महिलाओं ने दस-दस के समूह में बंटकर 180 श्लोकों को तीन भागों में धाराप्रवाह सुनाया. सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस आयोजन में कई मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. आयोजक जी विजया लक्ष्मी और के मनी ने बताया कि 14 अगस्त से शुरू हुए तेलुगु समाज के पवित्र श्रावण मास के उपलक्ष्य में पिछले वर्ष से इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से कदमा स्थित आंध्र स्कूल परिसर में हर रविवार शाम निशुल्क तेलुगु भाषा (पढ़ना-लिखना) और कर्नाटक संगीत सिखाया जा रहा है.

अलमनार के कैंप में 39 यूनिट रक्त संग्रह

जमशेदपुर. सामाजिक संस्था अलमनार सोशल सर्विस के तत्वावधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. बारीनगर, टेल्को स्थित मिल्लत हॉल में आयोजित इस शिविर में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शिविर में कुल 39 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और संस्था के कार्यों की प्रशंसा की. संस्था के अध्यक्ष खलील अंसारी ने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति सदैव स्वस्थ रहता है. शिविर के सफल आयोजन मेंमे डिकल विंग के सचिव शेख आबिद अली, खुर्शीद एकराम अंसारी, महबूब आलम, समीउल्लाह, मुख्तार खान, अमानुल्लाह आदि की सराहनीय योगदान रहा.

श्री सारदा संघ का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

जमशेदपुर. आध्यात्मिक संगठन श्री सारदा संघ, जमशेदपुर शाखा का 58वां वार्षिक सम्मेलन सोनारी स्थित भारत सेवाश्रम संघ प्रेक्षागृह में उत्साह के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बागबाजार (कोलकाता) स्थित 'उद्बोधन' पत्रिका के संपादक स्वामी कृष्णाथानंद महाराज, जमशेदपुर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद सोसाइटी के स्वामी तुरियात्मानंद महाराज एवं भारत सेवाश्रम संघ के सचिव स्वामी मुक्तात्मानंद महाराज ने संयुक्त रूप से किया. स्वागत भाषण सचिव झरना कर ने दिया. मुख्य वक्ता स्वामी कृष्णाथानंदजी महाराज ने कहा कि मां सारदा का आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण जीवन-दर्शन आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है. कोलकाता के प्रो. अरिजीत सरकार ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इस दौरान सोनारी तरुण संघ को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए अनुदान राशि प्रदान की गयी. विकास बनर्जी व संघ की सदस्याओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया. अदिति सेनगुप्ता, सुप्रीति विश्वास, स्वप्ना चटर्जी, मौसुमी, कावेरी सरकार, पार्थसारथी दास, अजय प्रामाणिक का योगदान रहा.

1800 से अधिक चैनल पार्टनर्स हुए सम्मानित

जमशेदपुर. न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड की ओर से आयोजित वार्षिक डीलर कॉन्फ्रेंस 'न्युवोको उत्कृष्ट शिखर 2026' में चैनल पार्टनर्स की उपलब्धियों को सराहा गया. 'ड्रीमर्स, बिलीवर्स, अचीवर्स' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड, बिहार, बंगाल, ओडिशा, पूर्वोत्तर, पूर्वी यूपी, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से 1,800 से ज्यादा पार्टनर्स शामिल हुए. समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पार्टनर्स को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया. पारिवारिक जुड़ाव बढ़ाने के लिए 'न्युवोको उत्कृष्ट सबसे खास जोड़ी' प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ. जिसमें विजेता कपल्स को उपहार दिये गये. कंपनी के हेड (मार्केटिंग, इनोवेशन व सेल्स एक्सीलेंस) चिराग शाह ने कहा कि वैल्यू-बेस्ड ग्रोथ और ब्रांड निष्ठा को मजबूत करने में पार्टनर्स की भूमिका सबसे अहम है. वहीं सेल्स हेड (ईस्ट) निहार परिदा ने कहा कि मजबूत डीलर नेटवर्क के दम पर 'न्युवोको कॉन्क्रीटो' और 'ड्यूरागार्ड' जैसे उत्पाद हर ग्राहक तक पहुंचे हैं और भविष्य में भी सस्टेनेबल ग्रोथ पर जोर रहेगा.

NUVOCO -UTKRISHT- SHIKHAR DREAMERS · BELIEVERS · ACHIEVERS 2026

सरजामदा. गोमहा पर्व पर महिलाओं ने किया सामूहिक रिंझा नृत्य

लोकगीतों में दिखी समृद्ध संस्कृति

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

परसुडीह स्थित पुराना सरजामदा बस्ती शुक्रवार की शाम होते ही सांस्कृतिक और धार्मिक रंगों में सराबोर हो उठी. अवसर था संताल समाज के पारंपरिक और पवित्र 'गोमहा पर्व' का. गांव के अखड़ा में जब पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे युवक-युवतियों के कदम पड़े, तो मांदर, ढोल और नगाड़ों की गूंज से पूरा माहौल उत्सवधर्मी हो उठा. रातभर चले 'रिंझा नृत्य' ने ग्रामीणों को बांधे रखा. सिर पर सजधज, हाथों में मांदर और होंठों पर पारंपरिक लोकगीत-कुछ ऐसा ही नजारा अखड़ा परिसर में देखने को मिला. बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे सभी एक सूत्र में बंधकर इस सामूहिक नृत्य का हिस्सा बने और देर रात तक उत्सव का जमकर लुत्फ उठाया.

रिंझा नृत्य करती महिलाएं.

सबों ने करम गोसांय से मांगी सुख-समृद्धि: उत्सव की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई. गांव के अखड़ा में पूरे विधि-विधान और पवित्रता के साथ 'करम डाली' की स्थापना की गयी. इसके बाद माझी बाबा की अगुवाई में समाज के लोगों ने करम गोसांय की पूजा-अर्चना की. श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की. संताल समाज में गोमहा पर्व कृषि कार्य के पहले चरण की पूर्णता का प्रतीक माना जाता है. ग्रामीणों ने खेतों में रोपे गये धान के पौधों की सुरक्षा, पर्याप्त बारिश, कीट-पतंगों के प्रकोप से बचाव और लहलहाती फसल के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की.

'बुढ़ी करम' के साथ होगा समापन जुटेंगे कई लोग : इस दो दिवसीय आयोजन का औपचारिक समापन शनिवार को 'बुढ़ी करम' अनुष्ठान के साथ होगा. मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, टाटा स्टील फाउंडेशन के बाबूलाल गोयपाई, स्थानीय मुखिया व माझी बाबा विशेष रूप से उपस्थित रहे. अतिथियों ने समाज के इस एकजुटता और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रयास की सराहना की.

चंद्रकोना गुरुद्वारा के प्रधान इंद्रजीत सिंह ही रहेंगे

जमशेदपुर. श्री गुरु नानक देव जी के चरण-छोह प्राप्त ऐतिहासिक चंद्रकोना गुरुद्वारा के नये प्रधान गुरदीप सिंह दीपा के बनने संबंधी समाचारों का खड़गपुर खरीदा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह सग्गू ने खंडन किया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि चंद्रकोना गुरुद्वारा साहिब का कोई नया प्रधान नहीं चुना गया है. चंद्रकोना गुरुद्वारा हमेशा की तरह खड़गपुर खरीदा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्ण नियंत्रण में ही रहेगा. गुरदीप सिंह दीपा वर्तमान में खड़गपुर कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं. गुरुद्वारा साहिब का संपूर्ण वित्तीय लेखा-जोखा (अकाउंट्स) और प्रबंधन कार्य पूर्ववत खड़गपुर खरीदा कमेटी ही देखेगी.उन्होंने जानकारी दी कि रखड़ पूनिया के पावन अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह, जमशेदपुर सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला सहित कई गणमान्य लोग सपरिवार दर्शन करने पहुंचे थे. उन्हें गुरु घर का आशीर्वाद स्वरूप सिरोपा भेंट किया गया. यह जानकारी सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने दी.

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES DEOGHAR
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार/Government of India
Website-www.aiimsdeoghar.edu.in

सं.: एम्स देवघर/सर्कुलर/2026–27/160 दिनांक :27.08.2026

GeM और अन्य सरकारी पोर्टल पर उपलब्ध न होने वाली वस्तुओं की ₹5 लाख तक की खरीद के लिए वेंडर्स/सप्लायर्स को रजिस्ट्रेशन करने हेतु सूचना

एम्स देवघर में रजिस्ट्रेशन हेतु उन सामानों/वस्तुओं की सप्लाई के लिए प्रतिष्ठित और योग्य वेंडर्स/सप्लायर्स/मैन्युफैक्चरर्स/अधिकृत डीलर/एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनकी खरीद कीमत ₹5,00,000/– (केवल पांच लाख रुपये) तक है और जो भारत सरकार के लागू नियमों और विनियमों के अनुसार गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (GeM) या अन्य सरकारी पोर्टलों पर उपलब्ध नहीं हैं।

इच्छुक और योग्य फर्म/वेंडर एम्स देवघर की आधिकारिक वेबसाइट https://aiimsdeoghar.edu.in के नोटिस सेक्शन में उपलब्ध रजिस्ट्रेशन नोटिस, पात्रता मानदंड, नियम व शर्तों और निर्धारित आवेदन प्रारूप के अनुसार अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

विस्तृत रजिस्ट्रेशन नोटिस, जिसमें आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय, जमा करने की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, नियम व शर्तें और अन्य संबंधित विवरण शामिल हैं, नोटिस में उपलब्ध है।

एम्स देवघर के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ताक्षरित/-
कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, एम्स देवघर

6 झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

जमशेदपुर. जमशेदपुर प्रखंड परिसर में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के छह झारखंड आंदोलनकारियों को प्रशासनिक स्तर पर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ सुमित प्रकाश ने झारखंड सरकार की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र आंदोलन के सेनानियों को सौंपकर उनके बहुमूल्य योगदान का आदर किया. राज्य निर्माण के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जिन सेनानियों को प्रमाणपत्र दिया गया, उनमें मानिक सांडिल, निबारन महतो, मधुसूदन सिंह, धीरेंद्र नाथ महतो, गुरुपद महतो एवं फ्रेंकलीन बनसीयार शामिल हैं. इस मौके पर झारखंड आंदोलन में पूर्वजों के त्याग और बलिदान को याद किया गया.

सरना धर्म कोड को लेकर जुटे आदिवासी संगठन

जमशेदपुर. नयी दिल्ली के झांसी रोड स्थित आंबेडकर भवन में आदिवासियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय धार्मिक सम्मेलन 29 अगस्त से शुरू हो गया है. इस सम्मेलन मे भारत की जनगणना में आदिवासियों के लिए पृथक धर्म कोड के प्रावधान पर विस्तृत चर्चा की जायेगी. केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखने के लिए ठोस, प्रभावी और निर्णायक बिंदुओं पर संवाद किया जायेगा. साथ ही सामाजिक, धार्मिक, संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रायशुमारी की योजना है. दो दिनों तक चलने वाले इस मंथन के बाद सम्मेलन के अंतिम दिन एक साझा घोषणापत्र और आगामी रणनीतियों पर अंतिम मुहर लगायी जायेगी.

दिल्ली में जमशेदपुर व कोल्हान के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य.

जमशेदपुर समेत कोल्हान के प्रतिनिधि पहुंचे: इस महाजुटान में हिस्सा लेने कोल्हान के प्रतिनिधियों का दल नयी दिल्ली पहुंच गये हैं. इस प्रतिनिधिमंडल में मानकी मुंडा संघ, आदिवासी हो समाज युवा महासभा और आदिवासी उरांव समाज संघ के प्रमुख साथी शामिल हैं.

राष्ट्रीय खेल दिवस : एलआइसी जमशेदपुर मंडल ने निकाली वॉकथॉन

'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' का दिया संदेश

जमशेदपुर. राष्ट्रीय खेल दिवस पर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी), जमशेदपुर मंडल की ओर से बिष्टुपुर में शनिवार को वॉकथॉन का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य कर्मचारियों, अधिकारियों व अभिकर्ताओं में खेल के प्रति रुचि जगाना. वॉकथॉन का शुभारंभ जमशेदपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक मनोज कुमार वर्मा ने बिष्टुपुर स्थित ''''जीवन प्रकाश'''' मंडल कार्यालय भवन से हरी झंडी दिखाकर किया. यह पदयात्रा जीवन प्रकाश भवन से शुरू होकर बिष्टुपुर मेन रोड होते हुए गोपाल मैदान पहुंची और फिर वहां से वापस मंडल कार्यालय आकर संपन्न हुई. वॉकथॉन के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर जोरदार उत्साह दिखाया. इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए दैनिक जीवन में खेलों को अपनाना आवश्यक है.

वॉकथॉन में शामिल एलआइसी जमशेदपुर मंडल के सदस्य.

SBI FOUNDATION
केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
CENTRAL INSTITUTE OF PETROCHEMICALS ENGINEERING & TECHNOLOGY (CIPET)
CENTRE FOR SKILLING AND TECHNICAL SUPPORT (CSTS)
Department of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals and Fertilizers (Govt of India)
Plot No. S-3/79, Sector-A, Zone-B, Mancheswar Industrial Estate, Bhubaneswar, Odisha
Ph. No. 0674-2588392/ 2587874, E-mail: mcti@cipet.gov.in/cipetsat@gmail.com, Website: www.cipet.gov.in

Free Residential Skill Developing Training Programme - 2026-27

Supported by: SBI Foundation *under the Title of* : "SBIF LEAP - Skilling for Future"

CENTRAL INSTITUTE OF PETROCHEMICALS ENGINEERING & TECHNOLOGY (CIPET): CSTS Bhubaneswar, Odisha invites applications from the eligible unemployed candidates from the states of Odisha, West Bengal, Chhatisgarh & Jharkhand belonging to economical weaker section (EWS) of the society.

Course offered with eligibility requirements are as follows:

Sl. No.	Name of the Trades (NSQF)	Intake Capacity	Duration	Qualification
1.	Machine Operator Plastics Processing (MOPP-I & MOPP-II)	35 + 35 = 70	4 Months	11th, 12th or Graduate, ITI or Diploma
2.	Machine Operator Injection Moulding (MOIM-I & MOIM-II)	30 + 30 = 60	4 Months	11th, 12th or Graduate, ITI or Diploma

Free Training, Lodging & Boarding: The cost of training programme along with lodging & boarding will be fully funded by **SBI Foundation** under the Title of **"SBIF LEAP - Skilling for Future"**.

How to apply: Eligible candidates may send their applications with self-attested copies of all necessary document viz. qualification certificate/Mark Sheet, Income certificate/ Ration Card, Residential certificate and 05 colour passport size photographs to CIPET at the above address through post/email: **mcti@cipet.gov.in, cipetsat@gmail.com**.

CIPET reserves the right to cancel or modify the advertisement without assigning any reasons thereof.

Dy. Director & Head

For further assistance please contact: 8093785800, 7008441267, 9337143007

झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग
प्रथम तल्ला, झारखण्ड राज्य हाउसिंग बोर्ड (पुराना मुख्यालय), हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची- 834002

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विद्युत लोकपाल का कार्यालय झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग भवन, हिनू, रांची– 834002 में स्थानांतरित कर दिया गया है।

इसलिए जहां भी झारखंड विद्युत लोकपाल का पता ''दूसरी मंजिल, राजेंद्र जवान भवन–सह–सैनिक मार्केट, मेन रोड, रांची – 834001'' के रूप में लिखा है, उसे अब 01.09.2026 से **झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग भवन, हिनू, रांची - 834002** पढ़ा जाएगा।

सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे इस बदलाव पर ध्यान दें और विद्युत लोकपाल कार्यालय के साथ भविष्य के सभी पत्राचार और सम्पर्क के लिए नए पते का उपयोग करें।

आदेशानुसार
ह./- (आर.पी. नायक)
सचिव

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

एआरएमबी-राँची (पता- एस एन गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, राँची-834001 फोन: 7300705205, ईमेल-cs6794@pnb.bank.in)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के बिक्री हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(कों) और ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति को, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्ज़ा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार द्वारा ले लिया गया है, संबंधित उधारकर्ता(ओं) और ज़मानतदार (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित तिथि को **''जहाँ है'', ''जैसा भी है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेची जाएगी आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिए गए तालिका में उल्लेखित है।

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

लॉट सं.	शाखा का नाम / उधारकर्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/स्वामी के नाम के अचल संपत्तियों का विवरण (बंधकर्ता की संपत्ति (यों))	ए) सरफेसी एक्ट 2002 के 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि / बी) बकाया राशि / सी) कब्जा की तिथि 13(4) सरफेसी एक्ट 2002 के अनुसार / डी) कब्जा का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक)	ए) आरक्षित मूल्य / बी) इएमडी / सी) बोली वृद्धि राशि / डी) बैंकनेट संपत्ति आईडी	ई-निलामी की तिथि एवं समय	प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार प्रमाण का विवरण
1.	पीएनबी- जमशेदपुर, जमशेदपुर (006320) प्रियंका कुमारी पिता कमलेंदु भूषण सिंह बी-6 टाइप 2, बीएसएनएल स्टाफ कॉलोनी, सिदगोरा, एग्रिको, जमशेदपुर झारखंड 831009 श्री कुणाल कुमार जयसवाल पिता श्रवण कुमार जयसवाल मकान संख्या 53, इंद्रानगर जोड़ा मंदिर के पास भालूबासा सिटी जमशेदपुर झारखंड 831009	**''बसंत द्वार''**, देवनगर की बिल्डिंग के अपर ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद रेजिडेंशियल **ए-1 (2बीएचके)** यूनिट के सभी भाग एवं अंश जिसका सुपर बिल्ट–अप एरिया 755 वर्ग फिट है और जिसमें एक बाइक पार्किंग की जगह भी शामिल है। साथ ही 120 वर्ग फिट की रैयती ज़मीन में बिना बंटे आनुपातिक हिस्से का अधिकार और बिल्डर द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं और कॉमन सेवाओं का अधिकार भी मिलता है। यह सम्पत्ति पुराने प्लॉट नंबर 2107, खाता नंबर 132 के हिस्से में है, जो मौजूदा सर्वे प्लॉट नंबर 248/3880 और 248/3879 नए खाता नंबर 125 और 81 से मेल खाता है। यह मौज़ा साकची, पीओ और पीएस साकची थाना नंबर 1153, वार्ड नंबर 7 (जेएनएसी), जमशेदपुर ब्लॉक और टाउन, परगना ढालभूम, ज़िला पूर्वी सिंहभूम में स्थित है। यह सम्पत्ति सुश्री प्रियंका कुमारी के नाम पर है बिक्री विलेख संख्या 2022/जेएसआर/1034/बीके1/961, दिनांक 25/02/2022। सम्पत्ति की चौहद्दी इस प्रकार हैं: उत्तर में 12 फ़ीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में इंदरजीत सिंह (अध्यापक), पूरब में श्री सतपति, पश्चिम में फ्रंट सेटबैक।	A) 26.08.2025 B) Rs. 32,97,930.00+ further interest C) 06.12.2025 D) सांकेतिक	A) Rs. 30,58,200.00 B) Rs. 3,05,820.00 C) Rs. 1,00,000.00 D) PUNB7TC60803951	09.09.2026 From: 11:00 AM to 04:00 PM	किसी अन्य भार का पता बैंक को ज्ञात नहीं

नियम और शर्तें:-

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियमों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा:
1. संपत्तियों को **'जहाँ है जैसा है', 'जो है जैसा है एवं 'जिस अवस्था में है'** के आधार पर बेची जा रही हैं।
2. ऊपर वर्णित अग्रधन जमा राशि (ईएमडी) की रकम मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राईवेट लिमिटेड (http://baanknet.com) पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जाएगी या फिर पोर्टल पर चालान बनाकर, उस चालान में दिए गए खाते के विवरण के अनुसार आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी **दिनांक 08.09.2026 को 16:00 बजे** या उससे पहले जमा करना अनिवार्य है।
3. उपर्युक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
4. बिक्री वेबसाइट : **https://www.baanknet.com** पर **दिनांक 09.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे** ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
5. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया :**https://www.baanknet.com, www.pnbindia.in** देखें।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के अंतर्गत वैधानिक बिक्री सूचना।

तिथि: 24.08.2026
स्थान: जमशेदपुर

नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

ह./- प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, प्रत्याभूति दाता

प्रभात खबर क्लासिफाइड
जरुरत आपकी, माध्यम हमारा

वैवाहिक MATRIMONIAL

तेली (कनौजिया) डॉक्टर लड़का, 5'5", MBBS, MD (चिकित्सा पदाधिकारी), सरकारी नौकरी। फेयर MBBS डॉक्टर सुंदर लड़की चाहिए। संपर्क - 9835253332, 9955738658. C-147(RNC)

तांती लड़का 35/5'8" Govt (+2) टीचर, कार्यरत (बिहार) हेतु वधु चाहिए. (Cast No Bar) (प्राथमिकता स्वजाति) सम्पर्क: 9507448284 C-19944(RNC)

58/5'10", अवधिया सभी कुर्मी मान्य, सरकारी शिक्षक (पुरानी पेंशन), विधुर, एक पुत्र जॉब, हेतु अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा संतानरहित महिला की आवश्यकता - 7667829963 C-7738(RNC)

शैक्षणिक EDUCATIONAL

GNM, B.Sc नर्सिंग में नामांकन प्रारंभ. I.N.C. से मान्यता प्राप्त. छात्रवृत्ति सुविधा. संपर्क करें : रांची कॉलेज ऑफ नर्सिंग, आदर्श स्कूल रोड, नियर डैम, पांचा (ओरमांझी), रांची. M.-7004349038, 9334229475, 9304817045. C-20787(RNC)

DIRECT ADMISSION
B.Sc. NURSING
4 yrs. PCB, Kolhan University, Chaibasa
INC APPROVED JNRC
Recog. by -INC, New Delhi, Govt. of India
ANM Duration : 2 yrs. Any Stream (Art./Sc./Com.)
GNM Duration : 3 yrs. Any Stream (Art./Sc./Com.)
-: Admin. Office :-
USHA COLLEGE OF NURSING
Anand Bhawan, Adityapur.
9334635208 / 9110935831

ज्योतिष ASTROLOGY

Astrologer, Mahanjee, Niranjan, Spl Marriage, Prediction gives period direction, appearance, other details contact with Birthdates, Adityapur, Sakchi, Dimna Road - 9939894996. C-26401(JSR)

जमीन–जायदाद REAL ESTATE

जमशेदपुर में कहीं भी Flat बनाने के लिए जमीन चाहिए Conversion में पेपर OK होना चाहिए. संपर्क : 7782041224, 9431112733. C-26402(JSR)

Land available for Sale, Approx 100 Acres at Mcluskiegunj (Khalari). Interested Parties may please contact mobile no. : 8336068655. C-19237(RNC)

सिविल कोर्ट, GST ऑफिस के पास Office / Shop (लिफ्ट, जनरेटर, पार्किंग, CCTV सहित) बिक्री हेतु नीलरतन स्ट्रीट, अपर बाजार, रांची में उपलब्ध. M-8797550625, 6203384579. C-21260(RNC)

2 BHK Flat 1075sq. ft. available for sale in Fulchand Gardenia Apartment, Chutia, Ranchi, at very reasonable price. Contact : M-9546917577. C-21445(RNC)

Flat for Sale, 3 BHK, First Floor 1150 sq.ft. at Basant Vihar. F-Road, Air Base Colony, Kadma. Contact : 9778569451, 9349004671. C-26381(JSR)

किराये पर TO-LET

3500sqft with extra parking / garden area available immediately for rent in Rameshwaram Colony, Bariatu Road, Ranchi. Contact - 8826352009 C-07352(RNC)

4500Sq.ft RCC Single Hall suitable for Office cum Godown, CNF, Small Factory etc. Rate Rs.30 per Square feet Negotiable. with Truck Parking at Lah-Kothi Ratu Road, Ranchi. Contact - 8709404511, 7004674068. C-21460(RNC)

प्रभात खबर क्लासिफाइड Booking Centers

JUGSALAI : SANDEEP : Near Taparia Complex, Jugsalai, Jamshedpur. 9308876660. AWADH NARAYAN SINGH : Near Ghora Chowk, Jugsalai. 9431523975. BARIDIH : ABHISHEK MISHRA : 3, Rajenderpath, Patna Line Baridih Basti, Baridih, Jamshedpur. 9608457873. MANGO : ASHIT KUMAR : Forest Colony, Mango, Jamshedpur. 9234224492. SUNIL KUMAR : Dimna Chowk, Saraswati Book Center, MGM Medical College Road, Mango, Jamshedpur. 9939308059. BISTUPUR : ICON DESIGNING & ADVERTISING : Bari Mainson, 1st Floor, Bistupur, Jamshedpur. 9204621121. SAKCHI : MONICA EVENTS : Aastha City Centre, Sakchi. 7004730285. ANNANT SERVICES & STORES PVT LTD : 135, Sanjay Road, Sakchi. 08797177949. ADITYAPUR : NITU PANDEY : Pandey Sadan, Sher-E-Punjab, Adityapur, Jamshedpur. 9304002681. TELCO : SHRI RAM AD AGENCY : 9204339866. SONARI : BINA KUMARI : Elite Consultancy, G4 Gautam Mahisa Appartment, Sonari. 6206050307. GOLMURI : VINAY KUMAR : Salomi Colony, 03, Zone-07, Birsanagar. 9570020976.

आवश्यकता WANTED

बैंगलोर में सफाई कर्मचारी (धूल पोंछा सफाई का काम) 10 घंटे ड्यूटी, वेतन 17000 + ओवरटाइम एक्ट्रा. आवास उपलब्ध. रमेश 09740098047 C-21446(RNC)

24x7 सिक्यूरिटी सर्विस को आदित्यपुर, गम्हरिया, बिष्टुपुर, मानगो, टेल्को, जमशेदपुर हेतु अनुभवी सुरक्षागार्ड, सुपरवाइजर की आवश्यकता है. आदित्यपुर + गम्हरिया - 7004890934, मानगो - 8677944448, बिष्टुपुर - 8910713712, टेल्को - 8797164200, 7360061003. C-26316(JSR)

REQUIRE
Raunaq Automobiles
(Mahindra City Service)
a Leading Automobiles Dealer based at Ranchi
GM SERVICE
Should be a Diploma in Automobiles Engineering with at list 12/15 years of relevant experienced in handling customer and M&M MCS or Equivalent and should also possess excellent communication & leadership skill.
Salary & Perk Negotiable
Interested candidates may please Send your Resume within 4 days on mail or contact : raunaqsaboo@gmail.com
M-9155097971, 9942082266

Job Available Leading Banking Sector for Retired / VRS / House Wife and Need Person Earn Income Upto 50k and Foreign Trip and Rewards. Contact - 9031383622, 9430371416. C-26379(JSR)

आवश्यकता हैं।
साकची स्थित एक प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स दुकान के लिए।
SALESMEN
अनुभवी (M/F)
9546019460

Indian Security Services को आदित्यपुर के लिए Floor Manager, Counter Sales हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है. Duty 9 Hours only. Contact - 9835140523, 9939694751. C-26380(JSR)

मेडिकल स्टोर हेतु अनुभवी स्टाफ Male / Female चाहिए. ANM को प्राथमिकता है. तुरंत संपर्क करें : 9308627047. C-23485(JSR)

REQUIREMENT
ANANTA VENTURE
—A Manpower Company—
- HR / OFFICE ASSISTANT / RECEPTIONIST - 25 Nos. (F)
- B.TECH / DIPLOMA - 55 Nos.
- ITI TECHNICIAN & HELPER - 125 Nos.
- GRADUATE- 25 Nos. (M/F)

Freshers / Experienced may apply
Contact us :
anantaventurebr4@gmail.com
9570003755, +91 657-2653755

TEACHERS Requirement
* TGT English - 1
* TGT Math - 1
Only experienced Female
Walk in Interview
Working day
From 8 am to 3 pm
Contact : 9835144494
Email id : neetalittlewingsschool@gamil.com